<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने 63वीं अखिल भारतीय पुलिस हाकी चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया

लखनऊः 4 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज गुरू गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज में आयोजित 63वीं अखिल भारतीय पुलिस हाकी चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में बिहार, चंडीगढ़, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखण्ड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मणिपुर, पाॅण्डीचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलगांना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, बी0एस0एफ0, सी0आई0एस0एफ0, आई0टी0बी0पी0, आर0पी0एफ0, एस0एस0बी0 की पुलिस टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। अखिल भारतीय हाकी चैम्पियनशिप की मेजबानी का श्रेय उत्तर प्रदेश पुलिस को 21 वर्ष बाद मिला है। इस अवसर पर राज्यपाल ने एक स्मारिका का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने पूर्व खिलाड़ी श्री सैय्यद अली व श्री सुजीत कुमार को हाकी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने समारोह में अन्य प्रदेशों से आये हुए खिलाडियों का स्वागत करते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों के खिलाडियों को एक साथ देकर लगता है जैसे लघु भारत सामने है। हाकी के खेल में भारत का पूर्व में बड़ा उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। खिलाडियों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा प्रदर्शन करें कि हाकी के जादूगर स्व0 ध्यानचंद की याद ताजा हो जाये। उन्होंने कहा कि देश को ध्यानचंद जैसे हाकी खिलाडियों की जरूरत है।

श्री नाईक ने कहा कि हर टीम जीतने के लिये खेलती है। खेलकूद में सफलता एवं असफलता होती रहती है। खेल में हार का भी महत्व है क्योंकि उससे आगे जीतने का उत्साह मिलता है। खेल अलग-अलग प्रकार के हो सकते हैं। खेल को टीम भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल में उसके नियमों का पालन करना चाहिए।

राज्यपाल ने उद्घाटन सत्र में हरियाणा पुलिस एवं एस0एस0बी0 के बीच हुए हाकी मैच का आनन्द भी लिया।

----

63 वीं अखिल भारतीय पुलिस हाकी चैम्पियनशिप-
दिनांक 04.12.2014 से 11.12.2014 तक
स्थान– गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज,
ALL INDIA POLICE
CHAMPIONSHIP-
11.12.2014
Singh Sports College,
KAZMI

63 वीं अखिल भारतीय पुलिस हाकी चैम्पियनशिप-2014
दिनांक 04.12.2014 से 11.12.2014 तक
स्थान- गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ
04 - 11 DECEMBER, 2014
KAZMI

63 वीं अखिल भारतीय पुलिस हाकी चैम्पियनशिप-2014
दिनांक 04.12.2014 से 11.12.2014 तक
स्थान- गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ
ALL INDIA POLICE HOCKEY CHAMPIONSHIP-2014
Govind Singh Sports College, Lucknow
KAZMI